2. विभागीय अधिसूचना संख्या–11798 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–11779 दिनांक 08.12.14 द्वारा श्री अनिल कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता सम्प्रति निलंबित कार्यपालक अभियंता के जीवन निर्वाह भत्ता में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–10(1)(i) के तहत उनके जीवन निर्वाह भत्ता में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय संसूचित है, में आंशिक रूप से संशोधित करते हुए श्री अनिल कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता सम्प्रति निलंबित कार्यपालक अभियंता के जीवन निर्वाह भत्ता में सरकार के निर्णयानुसार 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाती है ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

31 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–6 (था0का0)–104/2010–12945 (एस)–निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–54/10 में श्री अरविन्द प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम को प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–5433 दिनांक 14.09.10 से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–3327 (एस) दिनांक 26.04.13 द्वारा श्री प्रसाद से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री प्रसाद से प्राप्त स्पष्टीकरण पर नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में श्री अरविन्द प्रसाद को कार्यपालक

अभियंता, पटना नगर निगम के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए अधिसूचना संख्या–4394 (एस) दिनांक 04.06.13 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6064 (एस) दिनांक 26.07.13 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित है।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–11800 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–11801 दिनांक 08.12.14 द्वारा श्री अरविन्द प्रसाद, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति निलंबित के जीवन निर्वाह भत्ता में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–10(1)(i) के तहत उनके जीवन निर्वाह भत्ता में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय संसूचित है, में आंशिक रूप से संशोधित करते हुए श्री अरविन्द प्रसाद, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति निलंबित के जीवन निर्वाह भत्ता में सरकार के निर्णयानुसार 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–1 (पथ) नि0वि0–27/07–11959 (एस)–श्री गोविन्द प्रसाद जायसवाल, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी–ऑन–सोन, रोहतास सम्प्रति अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार, उच्च पथ योजना एवं अन्वेषण अंचल, केन्द्रीय निरूपण अंचल, पटना के द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी–ऑन–सोन के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितता के लिए निगरानी विभाग से प्राप्त जाँच के आधार पर श्री जायसवाल के विरूद्ध संकल्प ज्ञापांक–4821 (एस) अनु0 दिनांक 07.05.12 द्वारा कुल 7 (सात) आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1421 दिनांक 31.01.13 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में श्री जायसवाल के विरूद्ध आरोप संख्या–2 को आंशिक रूप से प्रमाणित तथा आरोप संख्या–1,3,4,5,6 एवं 7 को अप्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आधार पर आरोप संख्या–2–"अकबरपुर–यदुनाथपुर पथांश (21–27) कि0मी0 के विशेष मरम्मति–सह–नवीकरण कार्य का एकरारनामा संख्या–1 एफ 2/2004–05 दिनांक 16.04.04 को किया गया एवं कार्य समाप्ति की अवधि 15.06.04 है। एकरारित कार्य की रोकड़ मापी 12.03.05 तक ली गई। कार्य समाप्ति की तिथि 15.06.04 के पश्चात किये गये कार्य के भुगतान के विरूद्ध संविदा शर्त्तें प्रतिपूर्ति राशि की कटौती नहीं किये जाने के लिए श्री जायसवाल को दोषी माना गया।"

3. श्री जायसवाल द्वारा अपने लिखित बचाव बयान में इस संदर्भ में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 15.06.04 तक कार्य समाप्त नहीं होने के कारण सक्षम प्राधिकार द्वारा समय वृद्धि की स्वीकृति ली गई थी जिसके कारण विपत्र के समय वृद्धि के लिए राशि की कटौती नहीं की गयी। संचालन पदाधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा में पाया गया कि श्री जायसवाल द्वारा अपने कथन के समर्थन में समय वृद्धि संबंधी आदेश की प्रति संलग्न नहीं की गयी। अतः समय वृद्धि संबंधी स्वीकृत्यादेश अप्राप्त रहने की पृष्ठभूमि में श्री जायसवाल के विरूद्ध आरोप संख्या–2 को आंशिक रूप से प्रमाणित पाये जाने का मंतव्य संचालन पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

4. संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में प्राप्त मंतव्य पर तकनीकी समिति का मंतव्य प्राप्त किया गया। तकनीकी समिति से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा की विभागीय समीक्षा में श्री जायसवाल के दिनांक 31.01.15 को सेवानिवृत होने की स्थिति में सरकार के निर्णयानुसार श्री जायसवाल के विरूद्ध निम्न दंड संसूचित किया जाता है :–

(i) इनके वेतन से दो वेतन वृद्धि के समतुल्य राशि की कटौती की जायेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

सकारण मुखर आदेश

14 नवम्बर 2014

सं0 निग/सारा–2(आरोप)–उ०वि०(ग्रा०)39/07–10845 (एस)–श्री हरि किशोर सिन्हा सम्प्रति निलंबित सहायक अभियंता को एन0आर0ई0पी0, सहरसा के पद पर पदस्थापन अवधि में निगरानी धावा दल द्वारा रंगे हाथ `2,000.00 रिश्वत लेते गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने एवं इनके विरूद्ध निगरानी थाना कांड संख्या–35/07 दर्ज किये जाने के आलोक में इन्हें विभागीय अधिसूचना संख्या–5489 (एस) दिनांक–26.04.07 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–9 (2)(क) के तहत निलंबित करते हुए संकल्प ज्ञापांक–12404 (एस) अनु0 दिनांक 26.10.07 द्वारा विभागीय कार्यवाही बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–17 के अधीन संचालित की गयी। विभागीय कार्यवाही के संचालनोपरांत विहित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या–3928 (एस) दिनांक 20.05.14 द्वारा इन्हें सेवा से बर्खास्त करने का दंड संसूचित किया गया।

2. उक्त संसूचित दंड के विरूद्ध श्री सिन्हा द्वारा पुनर्विचार याचिका दिनांक 02.07.14 विभाग में समर्पित की गयी। श्री सिन्हा के पुनर्विचार याचिका के समीक्षोपरांत सरकार द्वारा इसे अस्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। इसी बीच श्री सिन्हा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में विभागीय कार्यवाही एवं संसूचित दंड को निरस्त करने के संबंध में सी0डब्लू0जे0सी0सं0–3835/2014 एवं आई0ए0सं0–5361/2014 दायर किया गया। इस वाद में माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 05.08.14 को पारित आदेश में श्री सिन्हा के पुनर्विलोकन अर्जी दिनांक 02.07.14 को 3 माह के अन्दर निष्पादित करने का निदेश दिया। न्यायादेश में यह भी निदेश था कि यदि पुनर्विलोकन अर्जी के निष्पादन में आवेदक की व्यक्तिगत सुनवाई करने का प्रावधान है तो उन्हें उचित अवसर देते हुए उनके पक्ष को सुना जाय एवं तदोपरांत इनके पुनर्विलोकन अर्जी को निष्पादित किया जाय।

3. तदआलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 22.10.14 को श्री सिन्हा की व्यक्तिगत सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान श्री सिन्हा ने पुनर्विचार आवेदन में अंकित तथ्यों की सम्पुष्टि करते हुए कहा कि विषयगत मामले में संचालन पदाधिकारी ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 17 की अनदेखी करते हुए विभागीय कार्यवाही के संचालन में एकपक्षीय अभिमत अंकित किया है जो कानूनन विचारणीय नहीं है। इन्होंने विभागीय कार्यवाही के संचालन में साक्ष्यों का प्रतिपरीक्षण नहीं कराने एवं संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

4. श्री सिन्हा द्वारा सुनवाई के दौरान एवं पुनर्विलोकन अर्जी में अंकित तथ्यों के समीक्षोपरांत पाया गया कि संचालन पदाधिकारी द्वारा पूर्व में श्री सिन्हा द्वारा प्रस्तुत किये गये बचाव वयान के सारे तथ्यों की विभागीय कार्यवाही के संचालन में समीक्षा की गयी तथा संचालन पदाधिकारी द्वारा दिये गये पूरक अभिमत में श्री सिन्हा को `2,000.00 रिश्वत लेने के भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया। इस मामले में बिहार लोक सेवा आयोग का परामर्श भी प्राप्त किया गया जिसमें आरोप की प्रकृति को गंभीर मानते हुए विभाग द्वारा सेवा से बर्खास्तगी के प्रस्तावित दंड पर आयोग द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। श्री सिन्हा से विहित प्रक्रिया अनुसार द्वितीय कारण पृच्छा की भी मांग की गयी एवं इनसे प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा के समीक्षोपरांत हीं इन्हें सेवा से बर्खास्त करने का दंड संसूचित किया गया।

5. अतएव श्री सिन्हा के पुनर्विचार आवेदन दिनांक 02.07.14 को अस्वीकृत किया जाता है।

आदेश से,
अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–1 (NH)–47/2014–11965 (एस)—श्री जगन्नाथ प्रसाद यादव, तत्कालीन सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण, राष्ट्रीय उच्च पथ अवर प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अवर प्रमंडल, सूर्यगढ़ा, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, लक्खीसराय एट मुंगेर द्वारा गुण नियंत्रण, राष्ट्रीय उच्च पथ अवर प्रमंडल, औरंगाबाद के पदस्थापन काल के दौरान एन0एच0–98 के जसोईया मोड़ से दाउदनगर पथ में कराये गये कार्य की जाँच कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल संख्या–1 द्वारा की गयी तथा पत्रांक–299 अनु0 दिनांक 22.12.10 द्वारा समर्पित प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन एवं पत्रांक–136 अनु0 दिनांक–28.06.11 द्वारा समर्पित गुणवत्ता प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत पाया गया कि पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये SDBC कार्य का औसत FDD प्रावधानित 2.30gm/cc के विरूद्ध 1.95gm/cc पाया गया। पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 21.23 प्रतिशत ओभर साईज पाया गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा 1.73 प्रतिशत पायी गयी जबकि प्रावधान 1.93 प्रतिशत का है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अंडर साईज पाया गया है।

2. उपर्युक्त पायी गयी अनियमितता के लिए श्री यादव से विभागीय पत्रांक–4480 (ई) अनु0 दिनांक 25.08.11 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

3. श्री यादव के पत्रांक–10 अनु0 दिनांक–10.10.11 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उनके द्वारा SDBC कार्य का औसत FDD प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया है कि गुण नियंत्रण अवर प्रमंडल की संबद्धता कार्य के क्रियान्वयन से नहीं होती है जबकि SDBC के क्रियान्वयन से संबंधित है। इस परिप्रेक्ष्य में इस आरोप का इनके संदर्भ में कोई आधार/औचित्य नहीं होने का उल्लेख किया गया है। BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट ओभर साईज पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि Indian Roads congress द्वारा प्रकाशित Ministry of shipping, Road Transport and Highways के specifications for Road and Bridge Works (Fourth Revision) के Table 500-7 Grading requirements for coarse and key Aggregates for Built up spray grout का उल्लेख किया गया है। इस Table में coarse Aggregates तथा key Aggregates का Grading requirements बिल्कुल

अलग–अलग दिया गया है। परीक्षण एवं शोध संस्थान, पथ निर्माण विभाग, बिहार,पटना द्वारा इस मिश्रित नमूनें का coarse Aggregates के रूप में Grading कर जाँचफल प्रस्तुत किया गया है जो तकनीकी रूप से गलत है। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि अलकतरा की मात्रा में इतना बड़ा अन्तराल कार्य के क्रियान्वयन से संबद्ध है जबकि गुण नियंत्रण अवर प्रमंडल की संबद्धता कार्य के वास्तविक क्रियान्वयन से नहीं होती है। इस तरह से यह आरोप के संदर्भ में कोई आधार/औचित्य नहीं है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अन्डर साईज पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि यह आरोप BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट ओभर साईज पाये जाने के सामान्य ही उल्लिखित किया गया है जिसकी पुनरावृति की आवश्यकता नहीं है।

4. श्री यादव द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया कि (a) पथ के कि0मी0 126 में कराये गये SDBC कार्य का औसत FDD 1.95gm/cc पाया गया है जबकि प्रावधान 2.30gm/cc का है जो क्षेत्रीय पदाधिकारियों से संबंधित है जबकि (b) पथ के कि0मी0 126 वें में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 12.13 प्रतिशत ओभर साईज पाया गया है जो प्रयोगशाला से संबंधित होने के कारण श्री यादव, तदेन सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण से संबंधित है। स्पष्ट है कि BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट के गेडिंग में पाई गई भिन्नता विभाग द्वारा निर्धारित टोलरेन्स 7.50 प्रतिशत से अधिक है। इस कारण इस बिन्दु पर स्पष्टीकरण संतोषप्रद प्रतीत नहीं होता है।

5. उपर्युक्त के आलोक में श्री यादव से प्राप्त स्पष्टीकरण मान्य नहीं पाते हुए सम्यक् रूप से विचारोपरांत सरकार के निर्णय के आलोक में श्री जगन्नाथ प्रसाद यादव, सहायक अभियंता को निम्न दंड संसूचित किया जाता है :–

(i) चेतावनी का दंड दिया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

10 नवम्बर 2014

सं० निग/सारा–4 (पथ)–73/03–10614 (एस)–श्री मृत्यंजय कुमार राय, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितता के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी) के तहत संकल्प ज्ञापांक–3918 (एस) अनु0 दिनांक 07.06.02 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन को अपूर्ण एवं अस्वीकार योग्य मानते हुए संकल्प ज्ञापांक–10578 (एस) अनु0 दिनांक 24.09.09 द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग के संचालन में पुनः विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। संचालन पदाधिकारी द्वारा अपने जाँच प्रतिवेदन पत्रांक–1362 (ई) अनु0 दिनांक 12.04.10 में श्री राय के विरूद्ध लगाये गये आरोप को प्रमाणित होने का मंतव्य दिया गया। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर श्री राय से विभागीय पत्रांक–7038 (एस) अनु0 दिनांक 13.05.10 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गई। श्री राय ने अपने पत्रांक–शून्य दिनांक 20.05.10 एवं दिनांक 05.01.13 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर समर्पित किया। श्री राय के पत्रांक–शून्य दिनांक 20.05.10 एवं दिनांक 05.01.13 द्वारा समर्पित द्वितीय कारण–पृच्छा के समीक्षोपरांत इसे असंतोषजनक पाते हुए प्रमाणित आरोपों के लिए इनके पेंशन से 5 प्रतिशत राशि की कटौती के दंड प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार (माननीय मुख्यमंत्री महोदय) का अनुमोदन प्राप्त किया गया।

3. तदआलोक में प्रमाणित आरोपों के लिए इनके पेंशन से 5 प्रतिशत राशि की कटौती करने के सरकार के अनुमोदित दंड प्रस्ताव पर नियमानुसार विभागीय पत्रांक–5180 (एस) अनु0 दिनांक 20.06.14 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की अपेक्षा की गयी।

4. बिहार लोक सेवा आयोग ने अपने पत्रांक–1324 दिनांक 03.09.14 द्वारा अनुमोदित दंड प्रस्ताव से असहमति वयक्त की गयी।

5. बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त परामर्श से असहमति जताते हुए सरकार के निर्णयानुसार श्री मृत्यंजय कुमार राय, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी सम्प्रति सेवानिवृत के पेंशन से 5 प्रतिशत राशि की कटौती करने का आदेश दिया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

14 नवम्बर 2014

सं0 निग/सारा–5 (ग्रा0)–2003/2002–10861 (एस)–स्व० ओबैदुर रहमान मल्लिक, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी सम्प्रति सेवानिवृत के द्वारा ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी के पदस्थापन काल में प्रमंडलीय स्तर पर अनाधिकृत रूप से बिटुमेन का क्रयादेश निर्गत करने, रेल मार्ग की जगह पथ मार्ग से प्रमंडलीय भंडार तक उक्त सामग्री की ढुलाई हेतु एक संवेदक की नियुक्ति करने एवं कनीय अभियंता अथवा सहायक अभियंता की जगह प्रमंडलीय रोकड़पाल को अलकतरा प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत करने के आरोपों के लिये विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2262 (एस) दिनांक 03.04.01 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत विभागीय कार्यवाही संचालित की गई। संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–127 दिनांक 06.07.05 द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में आरोपित के विरूद्ध सभी आरोपों को प्रमाणित पाये जाने का मंतव्य दिया गया तत्पश्चात् जाँच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक–8254 (एस) दिनांक 03.11.05 द्वारा आरोपित पदाधिकारी से द्वितीय कारण पृच्छा की मांग की गई तथा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर के समीक्षोपरांत इनके पेंशन से 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया गया। श्री मल्लिक के पेंशन से 10 प्रतिशत कटौती के अनुमोदित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग के परामर्श/सहमति की मांग पत्रांक–4867 (एस) अनु0 दिनांक 12.05.06 द्वारा की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग ने अपने पत्रांक–1906 दिनांक 04.01.07 द्वारा विभागीय प्रस्ताव से सहमति व्यक्त की। तदआलोक में श्री मल्लिक को विभागीय अधिसूचना संख्या–792 (एस) दिनांक 19.01.07 द्वारा पेंशन से 10 प्रतिशत की कटौती की गई।

2. श्री मल्लिक ने उक्त दंडादेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0सं0–630/10 दायर किया, जिसमें दिनांक–02.09.2011 को पारित आदेश के द्वारा माननीय न्यायालय ने संचालन पदाधिकारी के द्वारा विभागीय कार्यवाही के सही रूप में संचालन नहीं करने को परिभाषित करते हुए दिये गये दंड अधिसूचना को निरस्त करते हुए मामले को पुनः संचालन पदाधिकारी को ही remand करते हुए नये सिरे से आदेश प्राप्ति के 3 माह के अंदर आवेदक श्री मल्लिक के सहयोग करने के शर्त पर पूरा कर निर्णय लेने का निदेश दिया गया । विभागीय अधिसूचना संख्या–7267 (एस) दिनांक 18.04.12 द्वारा श्री मल्लिक के विरूद्ध संसूचित दंडादेश अधिसूचना संख्या–792 (एस) दिनांक 19.01.2007 को निरस्त करते हुए श्री मल्लिक के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2262 (एस) दिनांक 03.04.01 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

3. इस बीच श्री मल्लिक की मृत्यु दि 06.08.12 को हो जाने की सूचना विभाग को प्राप्त हुआ। तदआलोक में स्व0 औबेदूर रहमान मल्लिक, भूतपूर्व कार्यपालक अभियंता, मो0–कटरा, सुलतानगंज, पो0–महेन्द्रु जिला–पटना के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही को समाप्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

14 नवम्बर 2014

सं० निग/सारा–उ0बि0रा0उ0प0–26/14–10865 (एस)–राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–85 में बरती गयी अनियमितता की कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल संख्या–3 द्वारा जाँचोपरांत समर्पित प्रारंभिक एवं गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत पायी गयी त्रुटियों/अनियमितता के लिए श्री ओम प्रकाश गुप्ता, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, गोपालगंज सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा से विभागीय पत्रांक–14008 (एस) अनु0 दिनांक 23.09.10 एवं पत्रांक–3250 (ई) अनु0 दिनांक 24.06.11 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

2. श्री गुप्ता, कार्यपालक अभियंता के पत्रांक–शून्य दिनांक 13.10.10 एवं पत्रांक–शून्य दिनांक 04.07.11 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–85 के कि0मी0 12 में कराये गये बी0एम0 कार्य एवं कि0मी0 20 में कराये गये एस0डी0बी0सी0 कार्य की औसत मोटाई निर्धारित मोटाई से कम है तथा कि0मी0 20 में कराये गये बी0एम0 एवं एस0डी0बी0सी0 कार्य में अलकतरा की प्रतिशत मात्रा विभाग द्वारा निर्धारित टोलरेन्स से कम है।

3. अतएव सरकार के निर्णयानुसार प्रमाणित पाये गये उक्त त्रुटियों/अनियमितता के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप विभागीय अधिसूचना संख्या–7991 (एस) दिनांक 21.08.14 द्वारा श्री ओम प्रकाश गुप्ता, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, गोपालगंज सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा की एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक का दंड संसूचित किया गया।

4. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री गुप्ता के पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 08.09.14 द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अभ्यावेदन तथा पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 18.09.14 द्वारा समर्पित पूरक पुनर्विलोकन अभ्यावेदन के समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री गुप्ता ने इसके पूर्व समर्पित अपने कारण पृच्छा उत्तर में उन्हीं बातों का उल्लेख किया था, जो उनके पुनर्विलोकन अर्जी में अंकित है। पूर्व में दिये गये उनके कारण पृच्छा उत्तर की तकनीकी समीक्षा में श्री गुप्ता को प्रमाणित पाये गये अनियमितताओं

के लिए दोषी पाये जाने के उपरांत इनके विरूद्ध दंड संसूचित किया गया था। इनके पुनर्विलोकन अर्जी में उन्हीं बातों की पुनरावृत्ति की गयी है जिसका उल्लेख पूर्व में इन्होंने अपने कारण पृच्छा उत्तर में किया था। इनके पुनर्विलोकन अर्जी में कोई नया तथ्य नहीं है जिसके आधार पर संसूचित दंड पर पुनर्विचारण की आवश्यकता हो।

5. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री ओम प्रकाश गुप्ता, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, गोपालगंज सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 08.09.14 एवं पूरक पुनर्विलोकन अभ्यावेदन पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 18.09.14 को अस्वीकृत किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

12 दिसम्बर 2014

सं० निग/सारा–4 (पथ) आरोप–131/13–12036(एस)–श्री प्रमोद कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता (कार्य)–सह–प्रभारी गुण नियंत्रण, पथ प्रमंडल, छपरा सम्प्रति सहायक अभियंता, सेतु निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा पथ प्रमंडल, छपरा के पदस्थापन काल में पथ प्रमंडल, छपरा अन्तर्गत रसूलपुर–चैनपुर पथ के निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता के लिए विभागीय पत्रांक–4866 (ई) अनु0 दिनांक 13.09.11 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पत्रांक–शून्य दिनांक 19.09.11 के विभागीय समीक्षोपरांत बी0यू0एस0जी0 कार्य की औसत मुटाई में 6 एम0एम0 की कमी पाये जाने एवं एग्रीगेट के औसत ग्रेडिंग में 8.16 प्रतिशत का विचलन पाये जाने के लिए श्री कुमार को अधिसूचना संख्या–1121 (एस) दिनांक 11.02.14 द्वारा निम्न दंड संसूचित संसूचित किया गया :–

(i) एक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक।

2. श्री प्रमोद कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता (कार्य)–सह–प्रभारी गुण नियंत्रण, पथ प्रमंडल, छपरा सम्प्रति सहायक अभियंता, सेतु निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–शून्य दिनांक 08.08.14 द्वारा उक्त दंड के विरूद्ध अपना पुनरीक्षण अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसमें मूल रूप से अंकित किया गया कि दंड संसूचन के पूर्व उनके पक्ष को नहीं सुना गया और नैसर्गिक न्याय की अनदेखी करते हुए एकतरफा दंड निर्गत किया गया। श्री कुमार द्वारा समर्पित पुनरीक्षण आवेदन को विभागीय समीक्षोपरांत पाया गया कि बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–25 के तहत विहित समय सीमा (45 दिन निर्धारित) के अन्दर समर्पित नहीं किये जाने के आलोक में श्री कुमार के पुनरीक्षण आवेदन पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक–08.08.14 को विभागीय अधिसूचना संख्या–9094 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–9095 (एस) दिनांक 19.09.14 द्वारा अस्वीकृत किया गया।

3. श्री कुमार द्वारा उक्त अस्वीकृति आदेश के विरूद्ध अपने पत्रांक–शून्य दिनांक 22.09.14 द्वारा उक्त दंड आदेश के पुनरीक्षण कर निरस्त करने हेतु पुनः आवेदन समर्पित किया गया। अपने अभ्यावेदन में श्री कुमार ने निम्न तथ्यों को अंकित किया है :–

(i) अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई की सूचना दिये वगैर हीं 4 वर्षों के पश्चात दंड संसूचित किया गया है, जो नियमानुकूल नहीं है।

(ii) परिवाद पत्र की प्रति न तो उन्हें उपलब्ध करायी गयी और न ही कार्मिक विभाग के परिपत्र के आलोक में परिवाद पत्र में लगाये गये आरोपों के संबंध में शपथ पत्र की मांग की गयी।

(iii) कार्य का जाँच कार्य पूर्ण होने के लगभग 4 वर्षों के बाद किया गया है जो इण्डियन रोड कॉंग्रेस के गाईड लाइन्स के आलोक में सही नहीं है।

(iv) जाँच पदाधिकारी द्वारा जाँच में उनकी उपस्थित सुनिश्चित नहीं की गयी तथा दंड अधिरोपित करने के पूर्व प्रारंभिक जाँच पदाधिकारी के मंतव्य को विचार में नहीं लिया गया जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

4. श्री कुमार से प्राप्त पुनरीक्षित आवेदन में कोई नया तथ्य नहीं है जिसके आधार पर पूर्व संसूचित दंड में किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता हो। उड़नदस्ता प्रमंडल संख्या–2 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आलोक में श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी तथा उनसे प्राप्त स्पष्टीकरण की तकनीकी समीक्षा में पायी गयी त्रुटियों के लिए पुनरीक्षित मान्य दंड के अनुसार उन्हें दंड संसूचित किया गया तथा दंड संसूचन के पूर्व अपने स्पष्टीकरण में उन्होंने जो तथ्य रखा था उस पर सम्यक् विचारण भी किया गया।

5. अतएव श्री प्रमोद कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता (कार्य)–सह–प्रभारी गुण नियंत्रण, पथ प्रमंडल, छपरा सम्प्रति सहायक अभियंता, सेतु निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना के पुनरीक्षण अभ्यावेदन पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 22.09.14 को सरकार के निर्णयानुसार अस्वीकृत किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

11 दिसम्बर 2014

सं० निग/सारा–उ0बि0ग्रा0का0वि0–46/14–11963 (एस)–श्री राजेन्द्र पासवान, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल–2, दरभंगा के विरूद्ध शीर्ष–4515 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2002–03 से 2007–08 तक उपलब्ध करायी गयी राशि के विरूद्ध कार्य समाप्ति के बाद खर्च का व्योरा अपने स्तर से समर्पित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं करने जिसके कारण महालेखाकार को प्रस्तुत नहीं किया जा सका जैसी बरती गयी अनियिमतता के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–8704 दिनांक 05.08.10 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

2. उक्त स्पष्टीकरण का उत्तर इनके द्वारा समर्पित नहीं किया गया। इस प्रकार इनके द्वारा जान–बूझकर उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए सरकारी कार्यों के प्रति उदासीनता बरती गयी जिसे बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली के नियम के विरूद्ध पाते हुए ग्रामीण कार्य विभाग के अधिसूचना संख्या–11964–सहपठित ज्ञापांक–11965 दिनांक 11.11.10 द्वारा इनके विरूद्ध आरोप वर्ष (2010–11) के लिए "निन्दन" की सजा संसूचित की गयी।

3. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री पासवान द्वारा माननीय उच्च न्यालय, पटना में दायर सी0डब्लू0जे0सी0सं0–11825/2011 में दिनांक 16.08.11 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में अधिसूचना संख्या–11964–सहपठित ज्ञापांक–11965 दिनांक 11.11.10 को निरस्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

14 नवम्बर 2014

सं0 निग/सारा–06 (आरोप) द0वि0(ग्रा0)–27/07–10867 (एस)–श्री राम प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा सम्प्रति सेवा निवृत मुख्य अभियंता के विरूद्ध ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा के पदस्थापन काल के दौरान लखौरा से रसलपुर (बिजुबिगहा) पथ के निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता के संबंध में मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के जाँच प्रतिवेदन के आलोक में आरोप पत्र प्रपत्र–'क' गठित करते हुए विभागीय पत्रांक–13180 (एस) दिनांक 16.10.08 द्वारा इनसे बचाव बयान की मांग की गई।

2. श्री प्रसाद के पत्रांक–553 दिनांक 30.12.08 द्वारा समर्पित बचाव बयान की समीक्षापरांत उक्त पथ कार्य में निष्फल व्यय की कुल राशि ` 4,86,880 में से ` 48,688 के लिए श्री प्रसाद को दोषी पाया गया तथा दिनांक 31.03.10 को इनकी सेवा निवृति के परिप्रेक्ष्य में उक्त राशि की वसूली के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–3921 (एस) दिनांक 01.04.2011 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गई ।

3. श्री प्रसाद के पेंशन कटौती के विरूद्ध पत्रांक–शून्य दिनांक 05.08.14 द्वारा पुनर्विचार अभ्यावेदन दिया गया जिसमें पेंशन से `48,688.00 की कटौती से संबंधित निर्गत अधिसूचना संख्या–4294 (एस) दिनांक 18.04.12 को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। श्री प्रसाद ने अपने पुनर्विचार आवेदन में अंकित किया है कि पूर्व में इनके विरूद्ध जो विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी थी उसे स्वयं सरकार द्वारा नियम के विरूद्ध मानते हुए विभागीय कार्यवाही को बंद कर दिया गया था। उसके पश्चात बिहार पेंशन नियमावली के नियम–139 के अन्तर्गत कारण पृच्छा कर पेंशन से कटौती का जो निर्णय लिया गया है वह नियम विरूद्ध हैं इन्होंने अपने आवेदन की अंतिम कंडिका में उद्धृत किया गया है कि जिस दिन कारण पृच्छा की गयी उसी दिन वसूली आदेश भी निर्गत किया गया जो पूर्णतः गलत है।

4. श्री प्रसाद द्वारा समर्पित पुनर्विचार आवेदन दिनांक 05.08.14 में उनका कहना कि आरोप कि जिस दिन कारण पृच्छा की गयी उसी दिन पेंशन से `48,688.00 की कटौती का आदेश निर्गत किया गया है पूर्णतया गलत है।

5. श्री प्रसाद के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम–139 के अन्तर्गत विभागीय पत्रांक–13222 (एस) दिनांक 01.12.11 द्वारा कारण पृच्छा की गयी । कारण पृच्छा का उत्तर दिनांक 19.12.11 को प्राप्त हुआ जिसके समीक्षोपरांत इनके कारण पृच्छा उत्तर को असंतोषकजनक मानते हुए इनके पेंशन से `48,688.00 की कटौती का निर्णय लिया गया ।

6. अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री राम प्रासद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा सम्प्रति सेवानिवृत मुख्य अभियंता के पुनर्विचार अभ्यावेदन पत्रांक–शून्य (अनु0) दिनांक 05.08.14 को अस्वीकृत किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–1 (NH)–47/2014–11961 (एस)–श्री रवि प्रकाश लोकेश, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, नवसृजित पथ प्रमंडल, शिवहर द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के पदस्थापन काल के दौरान एन0एच0–98 के जसोईया मोड़ से दाउदनगर पथ में कराये गये कार्य की

जाँच कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल संख्या–1 द्वारा की गयी तथा पत्रांक–299 अनु0 दिनांक 22.12.10 द्वारा समर्पित प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन एवं पत्रांक–136 अनु0 दिनांक 28.06.11 द्वारा समर्पित गुणवत्ता प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत पाया गया कि पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये SDBC कार्य का औसत FDD प्रावधानित 2.30gm/cc के विरूद्ध 1.95gm/cc पाया गया। पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 21.23 प्रतिशत ओभर साईज पाया गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा 1.73 प्रतिशत पायी गयी जबकि प्रावधान 1.93 प्रतिशत का है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अंडर साईज पाया गया है।

2. उपर्युक्त पायी गयी अनियमितता के लिए श्री लोकेश से विभागीय पत्रांक–4475 (ई) अनु0 दिनांक 28.08.11 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

3. श्री लोकेश के पत्रांक–1261 दिनांक 14.09.11 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उनके द्वारा SDBC कार्य का औसत FDD प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया है कि एकरारनामा में कहीं भी यह अंकित नहीं है कि Field Density क्या होना चाहिए तथा कार्य के दौरान मना करने पर भी नये सतह पर गाड़ियों के आवागमन के कारण FDD का औसत कम हो गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट ओभर साईज पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि कार्य सम्पादन के बाद जबकि उक्त एग्रीगेट मिक्स पर चपाई के कार्य कराये जाते हैं तो एग्रीगेट के ग्रेडिंग में परिवर्तन होना स्वभाविक है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया गया है कि कार्य कराने हेतु खदान निर्धारित है जहाँ से एग्रीगेट प्राप्त कर कार्य कराये जाते हैं। किसी खदान के उपलब्ध पत्थर के physical properties उक्त खदान के पत्थर पर निर्भर करता है। अतः यह आरोप तकनीकी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि BUSG के कार्य में अलकतरा से मिक्स नहीं बनाया जाता है बल्कि अलकतरा का छिड़काव किया जाता है। किसी भी मिक्स से अलकतरा की मात्रा निकालने का प्रावधान है, परन्तु छिड़काव किये गये एग्रीगेट पर प्रयुक्त अलकतरा की मात्रा निकालने की विधि तकनीकी दृष्टिकोण से संभव भी नहीं है। विभागीय पत्रांक–340 दिनांक 07.01.10 को उदृत करते हुए अंकित किया गया है कि उक्त कार्य में निर्मित हॉट मिक्स प्लांट से बी0एम0 मिक्स गिरने के तुरन्त बाद जाँच नहीं किया गया। अतः बाद में कराये गये जाँच के आधार पर किसी ठोस नतीजे पर पहुँचना उचित प्रतीत नहीं होता है। यह त्रुटि भी तकनीकी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अन्डर साईज पाये जाने के संबंध में प्रथम आरोप के समान हीं स्पष्टीकरण दिया गया है।

4. श्री लोकेश द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया कि SDBC कार्य का औसत FDD 2.16gm/cc तक पाये जाने पर टोलरेन्स के रूप में स्वीकार किया गया है। इस मामले में SDBC कार्य का औसत FDD 1.95gm/cc है जो उक्त निर्धारित टोलरेन्स से काफी कम है। इस कारण इस बिन्दु पर प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट के ग्रेडिंग में भिन्नता 7.50 प्रतिशत तक पाये जाने पर टोलरेन्स के रूप में स्वीकार किया गया है। इस मामले में पायी गयी भिन्नता 12.13 प्रतिशत है जो उक्त निर्धारित टोलरेन्स से अधिक है। इस कारण इस बिन्दु पर प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक प्रतीत नहीं होता है।

5. उपर्युक्त के आलोक में श्री लोकेश से प्राप्त स्पष्टीकरण मान्य नहीं पाते हुए सम्यक् रूप से विचारोपरांत सरकार के निर्णय के आलोक में श्री रवि प्रकाश लोकेश, कार्यपालक अभियंता को निम्न दंड संसूचित किया जाता है :–

(i) असंचयात्मक प्रभाव से एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–4 (पथ) आरोप–72/2013–11948 (एस)–श्री सदानन्द चौधरी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पटना के विरूद्ध पथ प्रमंडल, किशनगंज के पदस्थापन काल में किशनगंज–बहादुरगंज पथ में दिनांक 10.07.13 को अप्रत्याशित बाढ़ से हुए कटाव के कारण अवरूद्ध यातायात को चालू करवाने में हुई चूक के लिए जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक–849 दिनांक 11.07.13 के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–5531 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–5532 (एस) दिनांक 11.07.13 के द्वारा निलंबित करते हुए श्री चौधरी को विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6478 (एस) अनु0 दिनांक 12.08.13 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचलित की गयी। संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1147 अनु0 दिनांक 09.07.14 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में श्री चौधरी के विरूद्ध गठित आरोपों को प्रमाणित नहीं पाये जाने का मंतव्य दिया गया, परन्तु विभागीय समीक्षोपरांत पाया गया कि जिला पदाधिकारी, किशनगंज के

पत्र से यह तो स्पष्ट है कि श्री चौधरी, कार्यपालक अभियंता कटाव स्थल पर नहीं पाये गये और कटाव से बचाव के लिए भी ठोस प्रयास नहीं किये।

2. तदआलोक में सम्यक् विचारोपरांत सरकार के निर्णयानुसार श्री सदानन्द चौधरी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पटना को अधिसूचना संख्या–8274 (एस) दिनांक 29.08.14 द्वारा इन्हें निलंबन मुक्त करते हुए "चेतावनी" का दंड दिया गया।

3. श्री चौधरी से विभागीय पत्रांक–8890 (एस) दिनांक 15.09.14 द्वारा निलंबन अवधि के विनियमन के संबंध में कारण पृच्छा की गयी। श्री चौधरी द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक 22.09.14 द्वारा समर्पित कारण पृच्छा उत्तर में संचालन पदाधिकारी द्वारा उनके विरूद्ध गठित आरोपों को प्रमाणित नहीं पाये जाने एवं चेतावनी के दंड को शास्ति नहीं मानने का उल्लेख करते हुए अपने कारण पृच्छा उत्तर को स्वीकार कर निलंबन अवधि को सभी प्रयोजनार्थ कार्य अवधि स्वीकार करने एवं उक्त अवधि के अंतर राशि के भुगतान का आदेश देने का अनुरोध किया गया है।

4. श्री चौधरी से प्राप्त कारण पृच्छा उत्तर के विभागीय समीक्षोपरांत सरकार द्वारा निम्न निर्णय लिया जाता है :–

(i) इन्हें दिये गये चेतावनी की प्रविष्टि उनके चारित्री पुस्त में की जाय।

(ii) निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता को छोड़कर कुछ भी देय नहीं होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–4 (पथ)–43/03–11946 (एस)–श्री सत्यनारायण पासवान, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल वैशाली सम्प्रति कार्यापालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल–2, औरंगाबाद के विरूद्ध पथ प्रमंडल, वैशाली के पदस्थापन काल में महात्मा गांधी सेतु के उत्तरी छोर पर पथ कर संग्रह में बरती गयी अनियमितता के लिए विभागीय अधिसूचना सं0–3586 (एस)–सह–पठित ज्ञापांक–3587 (एस) दिनांक 29.05.98 द्वारा निलंबित कर विभागीय संकल्प ज्ञापांक–3940 (एस) अनु0 दिनांक 06.06.98 द्वारा विभागीय जांच आयुक्त, बिहार, पटना के संचालन में विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। श्री पासवान को अधिसूचना संख्या–8761 (एस) दिनांक 13.10.03 द्वारा विभागीय कार्यवाही जारी रखते हुए निलंबन मुक्त किया गया। संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1022, दिनांक 04.10.2001 द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं आरोपी पदाधिकारी से प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा के समीक्षोपरांत दंड पर लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त सभी कागजातों को संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक–11198 (एस) अनु0 दिनांक 30.12.03 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के परामर्श/सहमति की मांग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विभागीय प्रस्ताव से सहमति अपने पत्रांक–1620 दिनांक 27.10.04 द्वारा दी गयी जिसके उपरांत अधिसूचना संख्या–5404 (एस)–सह–पठित ज्ञापांक–5405 (एस)दिनांक–25.05.06 द्वारा श्री पासवान को निम्न दंड संसूचित किया गयाः–

(I) श्री सत्यनारायण पासवान को कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद से सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर पदावनत किया जाता है।

(II) इनके निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा।

(III) इनके द्वारा गबन की गई राशि ` 6,40,099/– का 50 प्रतिशत राशि अर्थात ` 3,20,050/–की वसूली इनके वेतन एवं अन्य भुगतेय राशि से की जायेगी।

2. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री पासवान द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को विभागीय अधिसूचना संख्या–11302(एस) दिनांक 26.09.06 द्वारा अस्वीकृत किया गया। तत्पश्चात निर्गत दंडादेश के विरूद्ध श्री पासवान द्वारा माननीय न्यायालय में याचिका संख्या–15965/06 दायर किया गया जिसमें माननीय न्यायालय ने दिनांक 25.07.07 को पारित न्यायादेश द्वारा श्री पासवान के विरूद्ध निर्गत दंडादेश को निरस्त करते हुए द्वितीय कारण पृच्छा सूचना निर्गम स्तर से पुनः कार्रवाई आरंभ करने हेतु इस मामले को प्राधिकार को वापस किया गया। तदआलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–14592 दिनांक–14.12.07 द्वारा श्री पासवान के विरूद्ध निर्गत दंडादेश को निरस्त करते हुए श्री पासवान से द्वितीय कारण पृच्छा कर उनसे उत्तर प्राप्त होने के उपरांत दंड के बिन्दु पर पुनः निर्णय लिया जायेगा का आदेश निर्गत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में श्री पासवान से पूर्व संचालित विभागीय कार्यवाही एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्ट रूप में असहमति के बिन्दु पर असहमति के कारणों को अंकित करते हुए विभागीय पत्रांक–14589 (एस) अनु0 दिनांक 14.12.07 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की मांग की गयी। श्री पासवान के पत्रांक–शून्य दिनांक 12.06.09 द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा को समीक्षोपरांत इसे असंतोषजनक पाते हुए प्रमाणित आरोपों के लिए श्री पासवान को कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद से सहायक अभियंता (असैनिक) के निम्नतम प्रक्रम पर पदावनत करने, निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी भुगतान नहीं करने परन्तु अन्य प्रयोजन हेतु इसे कर्तव्य पर बिताई गयी अवधि माने जाने एवं गबन की गयी वास्तविक राशि ` 1,98,871/– (एक लाख अठानवे हजार आठ सौ

एकहत्तर रुपये) की वसूली इनके वेतन एवं अन्य भुगतेय राशि से करने के दंड प्रस्ताव पर सरकार के अनुमोदनोपरांत विभागीय पत्रांक–7304 (एस) अनु0 दिनांक 18.05.10 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की मांग की गयी।

3. बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–2238 दिनांक 02.12.10 से प्राप्त परामर्श में सरकार द्वारा निर्णित दंड में आरोपित पदाधिकारी को पदावनत करने के दंड में आरोपित पदाधिकारी को पदावनत करने के दंड को अधिक पाते हुए इस पर असहमति व्यक्त की गयी, जबकि शेष दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी।

4. बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त परामर्श के आलोक में पुनः समीक्षोपरांत यह स्थापित पाया गया कि श्री पासवान के द्वारा अन्य वित्तीय अनियमितताओं के अतिरिक्त ` 1,98,871/– (एक लाख अठानवे हजार आठ सौ एकहत्तर रूपये) का गवन/अनियमितता की गयी जो एक घोर वित्तीय अनियमितता है इस दृष्टिकोण से विभाग द्वारा प्रस्तावित दंड युक्ति–युक्त एवं समानुपातिक पाते हुए, एवं आयोग के सलाह को बाध्यकारी नहीं मानते हुए पुनः सरकार के अनुमोदनोपरांत श्री सत्यनारायण पासवान, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल वैशाली सम्प्रति कार्यापालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल–2, औरंगाबाद को अधिसूचना संख्या–5057 (एस) –सह–पठित ज्ञापांक–5058 (एस) दिनांक 02.05.11 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया :–

(I) कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद से सहायक अभियंता (असैनिक) के निम्नतम प्रक्रम पर पदावनत।

(II) निलंबन अवधि में मात्र जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान, परन्तु, अन्य प्रयोजन हेतु इसे कर्तव्य पर बिताई गयी अवधि मानी जायेगी।

(III) गबन की गयी वास्तविक राशि ` 1,98,871/– (एक लाख अठानवे हजार आठ सौएकहत्तर रुपये) इनके वेतन एवं अन्य भुगतेय राशि से वसूली।

5. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री पासवान द्वारा माननीय न्यायालय में याचिका संख्या–10423/2011 दायर की गयी। माननीय न्यायालय ने दिनांक 06.04.12 को पारित अंतरिम आदेश में कहा कि इस प्रकरण में सरकार को हुई वित्तीय क्षति की राशि का निर्धारण न्यायालय द्वारा नहीं किया जा पा रहा है कि वास्तविक क्षति की राशि कितनी है। इस हेतु विभागीय अभिलेख के साथ उप सचिव (निगरानी) को दिनांक 10.04.12 को न्यायालय में उपस्थित होने का निदेश दिया गया। दिनांक 10.04.12 को माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर विभाग द्वारा सूचना दी गयी कि श्री पासवान द्वारा इस बीच वृहद दंड के विरूद्ध अपील अभ्यावेदन दिनांक 02.02.12 को समर्पित किया है, जो समीक्षाधीन है। तत्पश्चात् माननीय न्यायालय ने अपने पारित अंतरिम आदेश दिनांक 10.04.12 में दो सप्ताह का समय देते हुए यह अपेक्षा की गयी कि इस अवधि में श्री पासवान के अभ्यावेदन पर विभाग द्वारा समुचित निर्णय ले लिया जाए।

6. माननीय न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 10.04.12 एवं श्री पासवान से प्राप्त अपील अभ्यावेदन दिनांक 02.02.12 के आलोक में संचिका के पुनर्विलोकन एवं अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर से प्राप्त कागजातों के अवलोकनोपंरात पाया गया कि विषयांकित मामले में गबन की वास्तविक राशि ` 1,94,871/– है जिसकी वसूली अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–628 दिनांक 01.06.09 द्वारा श्री कृष्णादास, लेखा लिपिक से करने का आदेश निर्गत किया जा चुका है। इस तरह श्री पासवान के विरूद्ध राशि वसूली का मामला नहीं बनता है।

7. सी0डब्लू0जे0सी0 सं0–10423/11 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 15.05.2012 को पारित आदेश में निर्गत दंडादेश की कंडिका–1 एवं 3 को निरस्त करते हुए संपुर्ण माामले को पुर्नविचार हेतु विभाग को निदेशित किया गया, तद्आलोक में श्री पासवान द्वारा दिनांक 01.06.2012 को अभ्यावेदन समर्पित करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में सभी आरोपो से मुक्त करते हुए निलम्बन अवधि का पूर्ण वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया गया।

8. इसी बीच दिनांक 01.12.2012 को श्री पासवान का निधन हो जाने के कारण इनके द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में सरकार के निर्णयानुसार स्व0 सत्यनारायण पासवान, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, वैशाली के विरूद्ध निर्गत दंडादेश अधिसूचना सं0–6116 (एस) दिनांक 01.06.2012 में अंकित अधिसूचना सं0–5057 (एस)–सह–पठित ज्ञापांक–5058 (एस) दिनांक 02.05.2011 की कंडिका–4 (i) एवं (ii) को यथावत रखने संबंधी आदेश को निरस्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

31 दिसम्बर 2014

सं0 निग/सारा–6 (था0का0)–104/2010–12949 (एस)–निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–54/10 में श्री शैलेश मिश्र, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम को प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–5433 दिनांक 14.09.10 से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–3056 (एस) दिनांक 16.04.13 द्वारा श्री मिश्र से कारण पृच्छा की मांग की गयी। श्री मिश्र से प्राप्त कारण पृच्छा पर नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में श्री शैलेश मिश्र को कार्यपालक अभियंता, पटना नगर

निगम के पदस्थापन काल में बरती गयी अनियमितताओं के लिए अधिसूचना संख्या–4392 (एस) दिनांक 04.06.13 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–4949 (एस) दिनांक 20.06.13 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित है।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–11802 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–11803 दिनांक 08.12.14 द्वारा श्री शैलेश मिश्र, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति निलंबित के जीवन निर्वाह भत्ता में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–10(1)(i) के तहत उनके जीवन निर्वाह भत्ता में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय संसूचित है, में आंशिक रूप से संशोधित करते हुए श्री शैलेश मिश्र, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति निलंबित के जीवन निर्वाह भत्ता में सरकार के निर्णयानुसार 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

---

11 दिसम्बर 2014

सं0 निग / सारा–4 (पथ) आरोप–72 / 2013–11950 (एस)–श्री सुभाष चन्द्र श्रीहर्ष, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के विरूद्ध पथ प्रमंडल, किशनगंज के पदस्थापन काल में किशनगंज–बहादुरगंज पथ में दिनांक 10.07.13 को अप्रत्याशित बाढ़ से हुए कटाव के कारण अवरूद्ध यातायात को चालू करवाने में हुई चूक के लिए जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक–849 दिनांक 11.07.13 के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–5529 (एस)–सहपठित ज्ञापांक–5530 (एस) दिनांक–11.07.13 के द्वारा निलंबित करते हुए श्री हर्ष को विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6477 (एस) अनु0 दिनांक 12.08.13 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचलित की गयी। संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1148 अनु0 दिनांक 09.07.14 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में श्री हर्ष के विरूद्ध गठित आरोपों को प्रमाणित नहीं पाये जाने का मंतव्य दिया गया, परन्तु विभागीय समीक्षोपरांत पाया गया कि जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्र से यह तो स्पष्ट है कि श्री हर्ष, सहायक अभियंता कटाव स्थल पर नहीं पाये गये और कटाव से बचाव के लिए भी ठोस प्रयास नहीं किये।

2. तदआलोक में सम्यक् विचारोपरांत सरकार के निर्णयानुसार श्री सुभाष चन्द्र श्रीहर्ष, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को अधिसूचना संख्या–8276 (एस) दिनांक 29.08.14 द्वारा इन्हें निलंबन मुक्त करते हुए "चेतावनी" का दंड दिया गया।

3. श्री हर्ष से विभागीय पत्रांक–8900 (एस) दिनांक 15.09.14 द्वारा निलंबन अवधि के विनियमन के संबंध में कारण पृच्छा की गयी। श्री हर्ष द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक 22.09.14 द्वारा समर्पित कारण पृच्छा उत्तर में संचालन पदाधिकारी द्वारा उनके विरूद्ध गठित आरोपों को प्रमाणित नहीं पाये जाने एवं चेतावनी के दंड को शास्ति नहीं मानने का उल्लेख करते हुए अपने कारण पृच्छा उत्तर को स्वीकार कर निलंबन अवधि को सभी प्रयोजनार्थ कार्य अवधि स्वीकार करने एवं उक्त अवधि के अंतर राशि के भुगतान का आदेश देने का अनुरोध किया गया है।

4. श्री हर्ष से प्राप्त कारण पृच्छा उत्तर के विभागीय समीक्षोपरांत सरकार द्वारा निम्न निर्णय लिया जाता है :–

(i) इन्हें दिये गये चेतावनी की प्रविष्टि उनके चारित्री पुस्त में की जाय।

(ii) निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता को छोड़कर कुछ भी देय नहीं होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव निगरानी ।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 10—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in